मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई, 2006 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 18 जुलाई, 2006 (आषाढ़ 27, 1928)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री बंसीलाल, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,

(2) श्री ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,

(3) श्री प्रमोद महाजन, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,

(4) श्री अमोलक चंद छाजेड़, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,

(5) श्री रामचन्द्र चौधरी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,

(6) डॉ. टुमनलाल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा ; तथा,

(7) श्रीमती मायादेवी सालवार, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) अध्यादेश, 2006 (क्रमांक 1 सन् 2006),

(2) मध्यप्रदेश होटल तथा वास गृहों में विलास वस्तुओं पर कर (संशोधन) अध्यादेश, 2006 (क्रमांक 2 सन् 2006),

(3) मध्यप्रदेश वृत्ति कर (संशोधन) अध्यादेश, 2006 (क्रमांक 3 सन् 2006),

(4) मध्यप्रदेश निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता (संशोधन) अध्यादेश, 2006 (क्रमांक 4 सन् 2006) ;तथा

(5) मध्यप्रदेश वेट (संशोधन) अध्यादेश, 2006 (क्रमांक 5 सन् 2006).

4. फरवरी-अप्रैल, 2006 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

5. नियम 267-क के अधीन फरवरी-मार्च, 2006 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

-2-

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री मनोहरलाल राठौर, सदस्य, हरदा जिले में नकली सोयाबीन बीज कृषकों को दिये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सज्जन सिंह वर्मा, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, एड्स नियंत्रण हेतु विश्व बैंक से प्राप्त राशि एड्स पीड़ितों के इलाज में खर्च न किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 172-महिदपुर से निर्वाचित सदस्य, श्री बहादुर सिंह के विधान सभा के जुलाई, 2006 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

9. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 47- मलेहरा से निर्वाचित सदस्य, सुश्री उमा भारती द्वारा विधान सभा में अपने स्थान का त्याग करने की सूचना.

10. सभापति तालिका की घोषणा

11. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्रीमती अलका जैन, सदस्य, कटनी नगर में -
- (क) पालिटेक्निक महाविद्यालय खोले जाने,
- (ख) तिलक महाविद्यालय में छात्रावास खोले जाने, तथा
- (ग) कटनी जिले के ग्राम बखलेटा के पास पलटुआ नाले पर स्टाप डेम बनाये जाने,

(2) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -
- (क) ग्राम इमलिया पतलोन से पतलोन तक पहुंच मार्ग बनाये जाने,
- (ख) ग्राम दिघोरी व मगरमुहा के मध्य नाले पर स्टाप डेम बनाये जाने,
- (ग) ग्राम केलकच्छ के पास बंधा नाले पर स्टाप डेम बनाये जाने,
- (घ) ग्राम कठोतिया व भमका के मध्य नाले पर रपटा कम स्टाप डेम बनाये जाने,
- (ङ) ग्राम साईंखेड़ा स्थित तालाब का पुनर्निर्माण कराये जाने,
- (च) ग्राम रिछावर को कटाव से बचाये जाने,
- (छ) गाडरवारा-गोटीटोरिया मुख्य मार्ग से चीचली तक पहुंच मार्ग बनाये जाने,
- (ज) ग्राम बेलखेड़ी के पास ऊमर नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने, तथा
- (झ) गाडरवारा रेलवे स्टेशन से ग्राम दहलवाड़ा तक पहुंच मार्ग बनाये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

12. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री जगदीश देवड़ा, श्रम मंत्री, औद्योगिक विवाद (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 2006 (क्रमांक 10 सन् 2006) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(2) श्री राघवजी, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 2006 (क्रमांक 11 सन् 2006) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(3) श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री, मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) विधेयक, 2006 (क्रमांक 12 सन् 2006) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 17 जुलाई, 2006